

## एक नजर में

### स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय लेंगे परेड की सलामी

**धार, 14 अगस्त 25।** जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला मुख्यालय स्थित किला मैदान पर प्रात: 9 बजे से आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में प्रदेश के नगरीय प्रशासन, संसदीय कार्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में होगा तथा उनके द्वारा ध्वजरोहण व संयुक्त परेड की सलामी ली जाएगी।

### नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय नें स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

धार, 14 अगस्त 25। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय नें 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश-वासियों को शुभकामनाएं दी है। मंत्री विजयवर्गीय नें अपने संदेश में कहा है कि यह पावन पर्व हमें अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और देश के आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले महान नायकों को याद करने का महत्वपूर्ण पल है। उन्होंनें प्रदेश-वासियों से विकसित भारत-वर्ष 2047 के लिए एक-जुट होकर पूरी सक्रियता से योगदान देने का आह्वान किया है।

### केरियर काउंसलिंग का आयोजन 20 अगस्त को

**धार, 14 अगस्त 25/** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 20 अगस्त को केरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जायेगा। इनमें प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल किला परिसर एवं शासकीय उर्दु स्कूल धार में चयनित मनोवैज्ञानिक, विषयविशेषज्ञो द्वारा संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की केरियर काउंसलिंग की जावेगी। साथ ही रोजगार पार्टल एवं स्वरोजगार से संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जावेगी।

### लावारिस वाहनों के संबंध में दावा 22 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकेंगे

धार, 14 अगस्त 25/ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनावर ने बताया कि पुलिस थाना मनावर में लावारिस वाहन रखे गये है। जिनका कोई भी व्यक्ति जो उक्त सम्पत्ति का दावा रखते है, वे 22 अगस्त तक न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना स्वत: सिद्ध कर सकते है। इसके पश्चात म्याद प्राप्त आपत्ति को निराधार माना जाकर उस पर विचार नहीं किया जाकर विधिवत् वाहनों की नीलामी की जावेगी। अधिक जानकारी के लिये थाना मनावर प्रागंण में जाकर प्राप्त कर सकते है।

### राधाकृष्ण मन्दिर और श्रीराम मन्दिरों में मनाई जाएगी जन्माष्टमी



**सरदारपुर।** नगर के गवलीपुरा गोपाल कालोनी बस्ती के राधाकृष्ण मन्दिर, कोर्ट रोड माही मार्ग सांवरिया सेठ, बस स्टैंड श्रीराम मन्दिर, पुराने नेशनल हाइवे मार्ग पर स्थित मारु समाज श्रीराम मन्दिर में परम्परागत अनुसार शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव जन्माष्टमी भक्तो द्वारा उत्साह से मनाई जाएगी। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव के तहत मन्दिरों में सजावट की जाएगी, भजन-कीर्तन होंगे। रात्रिकालीन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जमीन मटकी फोड प्रतियोगिता युवा उत्सव समिति द्वारा आयोजित की जाएगी।

### नवरात्रि महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न



**सरदारपुर ।** आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति न्यू बस स्टैंड सरदारपुर की नवरात्रि महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्व अनुमति से अध्यक्ष बलराम यादव को उपाध्यक्ष विक्की यादव प्रद्युमन सोनेर अंसार खान अंबर गर्ग लाल जायसवाल कोषाध्यक्ष दीपेश उर्फ पप्पू गर्ग परवेज लोधी विष्णु चौधरी उन्मेष सनी गर्ग सचिव अनिल गोखले राज यादव बबलू सोनेर प्रचार मंत्री हर्षित सोलंकी ऋषभ मंडा अनिल सोलंकी अंशुल परमार मीडिया प्रभारी नवीन यादव लकी सोनगरा पराग गर्ग व्यवस्था प्रभारी शशांक बंसल कपिल चौहान कौशिक विकास राज सोलंकी प्रसादी वितरण रोमी व्यास दीपक भाबर को नियुक्त किया गया

### अहिल्या उत्सव को लेकर नगर परिषद बैठक आयोजित



देपालपुर . नगर में अहिल्या उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर है जिसके चलते अहिल्या उत्सव समिति की बैठक नगर परिषद में सम्पन्न हुई . इसमें समिति अध्यक्ष जगदीश माथुर व सचिव विमल यादव ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी लोकमाता अहिल्या का पुण्य परंपरानुसार मनाया जाएगा जिसमें गाजे बाजे के साथ भव्य पालकी निकाली जाएगी जो शासकीय उत्कृष्ट माध्यम विद्यालय से प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कन्याशाला, नरसिंह मंदिर, बाजार चौक मंगलेश्वर महादेव मंदिर में पूर्ण होगी . बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेशपुरी गोस्वामी, दीनदयाल चौबे, सोहनलाल परमार, सुरजसिहं बोडाना, विक्रम पहलवान, पार्षदगण अनिल धाकड़, सोमिल माली, जितेंद्र ठाकुर, रामकरण ठेकेदार, तोसिफ खान, पत्रकार जे .पी .नागर, योगेंद्र यादव, दिलीप यादव समिति सदस्य उपस्थित थे .

### तिरंगे की आकृति में बनाई विभिन्न मिठाइयां

महू . खान कॉलोनी में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया . इसमें छावनी की परियोजना अधिकारी रेखा शर्मा एवं पर्यवेक्षक वैशाली पाटीदार को आमंत्रित किया गया . परियोजना अधिकारी के द्वारा तिरंगे पर बनाई गई व्यंजनों को एवं प्रदर्शनी को देखा गया प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए मैडम द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा पर समझाइए एवं अपने घरों पर तिरंगा लगने के लिए भी कहा गया समस्त कार्यक्रम सेक्टर 3 के सेक्टर 3 के समस्त कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित किया गया .







# श्री धारेश्वर महादेव को नगरवासियों की ओर से पोशाक अर्पित की

**धार।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री धर्मस्थान रक्षक मंडल धार द्वारा अपनी परंपरानुसार धारेश्वर महादेव को नगर वासियों की ओर से पोशाक अर्पित की गई।श्री धारेश्वर मंदिर पुजारी कनिष्क दुबे ने विधि विधान से धर्म स्थान रक्षक मंडल के अध्यक्ष डॉ शरद विजयवर्गीय, संरक्षक द्वारका अग्रवाल, महामंत्री ज्ञानेंद्र त्रिपाठी,नवनीत जैन, उपाध्यक्ष द्वारका राठौर,पूनम फकीरा,मुन्ना लाल राठौर,प्रवक्ता,ईश्वर सिंह ठाकुर,आशुतोष विजयवर्गीय की उपस्थिति में पूजन पाठ कर भगवान को पोशाक अर्पित की। इस अवसर पर उमेश सोनी, संतोष शर्मा,रंजीत राठौड़,लखन शर्मा,प्रखर सिंह ठाकुर,दीपक यादव,रिंकू यादव,भरत डोड,सजन बोर्दिया आदि ने भी सहभागिता की। धर्म संरक्षक मंडल के महामंत्री ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मंडल के तत्वावधान में 18 अगस्त सोमवार को धारनाथ भगवान श्री धारेश्वर मंदिर धार से शाम 04 बजे महाआरती पश्चात परंपरानुसार गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाकर बाबा नगर भ्रमण पर निकलेंगे जो की रात्रि 12 बजे श्री धारेश्वर मंदिर धार पुन: आयेगा महाआरती पश्चात समापन होगा। मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज के युवा एवं भक्तजन मंदिर परिसर से बाहर तक लायेगे तत्पश्चात माझी समाज के युवाओं द्वारा बिना पादुका के पालकी को कंधे पर उठाकर नगर भ्रमण कराया जायेगा। बाबा के नगर भ्रमण के दौरान धार नगर के मंदिरों की झाकियां अखाड़े क्रमानुसार लगती जाएगी । वही भक्तजन बड़ी संख्या में बाबा के छावने के आगे-आगे झाडू बुहारते हुए चलेंगे।

# भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर धार नगर में भाजपा ने मौन जुलुस निकला




**धार।** 14 अगस्त भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस% पर भाजपा नगर कार्यकर्ताओं ने नगर में मौन जुलुस निकला इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक श्रीमती नीना वर्मा भाजपा नेता डॉक्टर शरद विजयवर्गीय तिरंगा अभियान जिला संयोजक देवेंद्र सोनोने की विशेष उपस्थिति में मौन जुलूस निकाला गया। भाजपा जिला अध्यक्ष भारती व विधायक वर्मा ने कहा कि 14 अगस्त भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस% पर उन सभी लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है जिन्होंने 1947 में देश विभाजन के कारण अपनी और अपने परिजनों की जान गँवाई। देश का विभाजन भारतीय इतिहास का वो अमानवीय अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

मौन जुलुस में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ममता जोशी पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कालीचरण सोनवानिया पूर्व जिला महामंत्री श्याम नायक पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल जैन बाबा भाजपा नगर अध्यक्ष जयराज देवड़ा भाजपा जिला मंत्री जीवन रघुवंशी जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मनीष प्रधान ज्ञानेंद्र त्रिपाठी नरेश राजपुरोहित राजेश हारो? नितेश अग्रवाल युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनमचंद फकीरा जसप्रीत डंग नवदीप सिंह चौहान लव प्रजापति मुन्नालाल राठौर मंडल महामंत्री राकी आहूजा सीमा सोनी सुरेश प्रजापत अमित शर्मा देवेंद्र रावल सोनिया राठौर आशुतोष विजयवर्गीय लाखन सिंह नवासा रीमा राठौर प्रज्ञा ठाकुर प्रतिभा शर्मा राखी राय शांतिलाल शर्मा बादल मालवीय करण पटेल महेश बोडाने कमलेश बिजवा प्रभात गुप्ता समेत सैकड़ो नगर भाजपा कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।



# इतिहास लिखने वाली कलम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन

**सरदारपुर।** पास के गांव शासकीय माध्यमिक विद्यालय हनुमत्या काग से सेवानिवृत्त शिक्षक भारतसिंह खराड़ी द्वारा मंगलवार को पहली से 8 वी तक के विद्यार्थियों को संस्था परिवार की मौजूदगी में पेन कापी बांटी गई। साथ ही खराडी ने बच्चौ विद्यार्थियों को मन लगाकर पढाई करने और माता पिता संस्था का नाम रोशन करने की बात कही गई। उपस्थित रहे विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापक नाथू लाल जी पाटीदार



# किसान मोर्चा ने बलराम जयंती पर तिरंगा रैली निकाली

**सरदारपुर ।समीपस्थ ग्राम खरेली मे बलराम जयन्ती पर किसान मोर्चा ने तिरंगा रैली निकाली ।जिसमे सेकड़ो किसानो ने भाग लिया।**

किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिह राजपूत, जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष ब्रजेन्द्रसिंह चौहान, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ओकारलाल जाट के नेतृत्व मे ग्रामीण किसानो ने ग्राम खरेली मे ट्रेक्टर से तिरंगा रेली निकाली ।रेली को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानो के हितो के लिए अनेक योजनाएं चला रहे है ।यहां तक कि अमरीका द्वारा भारत पर लगाए टेरिफ पर प्रधानमंत्री ने मुंह तोड़ जवाब देते हुए कहा कि किसानो के हितो को लेकर कोई समझौता नही किया जाएगा ।इसके लिए मे कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं। उक्त तिरंगा रेली मे भाजपा मण्डल महामंत्री नवीन गोयल, भाजपा कार्यकर्ता संतोष जाट, राहुल जाट, विकास जाट सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर पीएम पोषण के अन्तर्गत ''विशेष भोज'' का आयोजन के निर्देश दिए

**धार, 14 अगस्त 2025। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को पीएम पोषण कार्यक्रम (मध्यान्ह भोजन) अन्तर्गत लक्षित शालाओं के विद्यार्थियों को विशेष भोज में सब्जी-पूरी-खीर अथवा सब्जी-पूरी-हलवा तथा उसके साथ लड्डू का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि भोजन स्वच्छ साफ स्थान पर बनाया जावें, भोजन की शुध्दता एवं गुणवत्ता की जाँच हेतू संबंधित शाला के प्रधानाध्यापक/शाला के नोडल शिक्षक को दायित्व सौपा जावे तथा शिक्षक की निगरानी में भोजन तैयार करवाया जायें। प्रत्येक शाला हेतू निरीक्षण रोस्टर अनुसार निर्धारित अंत्योदय कार्डधारी, वृद्धजन व माताओं को भी विशेष भोज में शामिल किया जावे।** विशेष भोज हेतू जन सहयोग एवं जन भागीदारी लिये जाने के लिए शासन से प्राप्त जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करे। विशेष भोज में आमंत्रित अंत्योदय कार्ड धारी, वृद्धजन माताए एवं जन प्रतिनिधियों की संख्या का आंकलन भोजन पकाने की लागत राशि में समावेश किया जा सकता है। भोजन का नमूना भी 24 घण्टे के लिये रखे जाने हेतू तथा भोजन वितरण से पूर्व भोजन चखने के लिए संबंधित शाला के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया जावें।

> उपरोक्त निर्देशों का क?ाई से पालन करवाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी को इस आयोजन की मॉनिटरिंग का दायित्व सौपा गया है। साथ ही विकासखंड स्तर के अधिकारीयों, कर्मचारियों का निरीक्षण रोस्टर तैयार कर कम से कम एक शाला में विशेष भोज के आयोजन में भाग लेने एवं विद्यार्थियों के साथ भोजन ग्रहण करने के लिए निर्देशित करना सुनिश्चित करे।

**एक नजर** — एक पेड़ माँ के नाम का नरेंद्र मोदी विचार मंच नें समारोह आयोजित कर किया शुभारम्भ

# वृक्षारोपण अभियान मातृत्व के प्रति संवेदना और सम्मान का प्रतीक है : जैन





**कुक्षी।** पर्यावरण सरंक्षण दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नरेंद्र मोदी विचार मंच द्वारा गुरुवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ एसडीएम विशाल धाकड के मुख्य आतिथ्य, सीएमओ मायाराम सोलंकी की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता श्री गोमाजी सेप्टा, क्षत्रिय सिर्वी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल गेहलोत, समाजसेवी नरेश पहाडिया व मंच के विधानसभा प्रभारी वरिष्ठ समाजसेवी दिलीप जैन सेकेट्री मंचासीन थे.

अतिथियों नें सम्बोधित करते हुए कहा की पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित रखने के लिए वृक्षारोपण को अभियान के रूप मे किया जाना आवश्यक है.उन्होंने नरेंद्र मोदी विचार मंच द्वारा नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुसार एक पेड माँ के नाम अभियान को मूर्त रूप देकर नगर को हराभरा बनाये रखने मे जन सहयोग से महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की.

स्वागत भाषण देते हुए मंच के विधानसभा अध्यक्ष दिलीप सेकेट्री नें कहा की जनसहयोग यह वृक्षारोपण अभियान

केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं, मातृत्व के प्रति संवेदना और सम्मान का भी प्रतीक है.

.कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वललित कर किया गया.पश्चात अतिथियों का बेच लगाकर स्वागत मंच विधानसभा अध्यक्ष दिलीप सेकेट्री, मंच नगर अध्यक्ष समाजसेवी कांतिलाल गेहलोत,महिमाराम पाटीदार व मिडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता नें किया. इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी लूणकरणजी गुप्ता, एडवोकेट हरीश रेव?या,नरेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा,पार्षद संजय सिर्वी, लोकेश सरदार,हर्षित मुकाती, लक्ष्मण बघेल,प्रेम राठौर,राजेश राठौर आदि मौजूद लोगों नें वृक्षारोपण किया.कार्यक्रम का संचालन गोपाल सोनी नें किया.